वन उत्पादकता संस्थान

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

बांस सामान्य सुविधा केंद्र

(Bamboo Common Facility Centre)

उद्घाटन

दिनांक : 27.07.2022

वानिकी अनुसंधान एवं प्रसार केंद्र, जदुआ, हाजीपुर, बिहार

वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक डा. नितिन कुलकर्णी द्वारा संस्थान के केंद्र वानिकी अनुसंधान एवं प्रसार केंद्र, जदुआ, हाजीपुर, बिहार में नव निर्मित बांस सामान्य सुविधा केंद्र (Bamboo Common Facility Centre) का उद्घाटन दिनांक 27.07.2022 को किया गया। इस अवसर पर केंद्र के प्रभारी अधिकारी डा. आदित्य कुमार सहित औषधीय पौध विशेषज्ञ (Assistant Professor-cum-Jr. Scientist (Pl. Pathology), Betelvine Research Centre, Islampur, Nalanda, Bihar Agriculture University, Sabour, Bhagalpur) डा. प्रभात कुमार, वरिष्ट तकनीकी अधिकारी श्री

दीनानाथ पांडेय, तकनीकी अधिकारी श्री संजीव कुमार, वरिष्ट तकनीकी सहायक श्री सूरज कुमार सहित जिले के किसान, हितधारक, बांस कारीगर, छात्र तथा अन्य लोग उपस्थित रहें। उद्घाटन के पश्चात संस्थान के निदेशक ने सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों के साथ सुविधा केंद्र में लगाए गये विभिन्न उपकरणों का अवलोकन किया तथा प्रत्येक उपकरण के बारे में केंद्र के अधिकारियों तथा कर्मचारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उद्घाटन के पश्चात निदेशक ने उपस्थित किसान बंधुओं एवं हितधारकों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक बांस का उत्पादन कर इस सुविधा केंद्र का उपयोग एक निश्चित शुल्क के भुगतान के साथ कर सकते है। उन्होने कहा कि इस केंद्र का उपयोग कर किसान भाई अपनी आय में वृद्धि कर सकते है। उन्होने कहा कि भविष्य में यह केंद्र इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो सकता है। इस अवसर पर किसानों एवं हितधारको ने बांस सामान्य सुविधा केंद्र ((Bamboo Common Facility Centre) के भ्रमण के दौरान अपने-अपने विचार व्यक्त किये एवं उपकरणों तथा उनकी उपयोगिता से संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा भी किया।

आयोजित कार्यक्रम की झलकियां

उद्घाटन करते संस्थान के निदेशक

उपकरणों का अवलोकन करते संस्थान के निदेशक

बांस से बनने वाली वस्तुओं के उत्पादन को दिया जायेगा बढ़ावा

➲ **औषधीय पौधों से आयवर्धन विषय पर कार्यशाला आयोजित**

हाजीपुर. वानिकी अनुसंधान एवं प्रसार केंद्र, हाजीपुर में नव निर्मित बंबू कॉमन फैसिलिटी सेंटर का उद्घाटन बुधवार को वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक डॉ नितिन कुलकर्णी ने किया. उद्घाटन समारोह में कार्यालय पदाधिकारी डॉ आदित्य कुमार, आयुर्वेद प्रोफेसर डॉ प्रभात कुमार, वरीय तकनीकी अधिकारी दीनानाथ पांडेय, तकनीकी अधिकारी संजीव कुमार, सूरज कुमार समेत जिले के किसान, बांस कारीगर, छात्र तथा अन्य लोग उपस्थित रहे. उद्घाटन के बाद केंद्र में लगीं अगरबत्ती एवं चटाई यूनिट की मशीनों को दिखाते हुए उत्पादन से संबंधित जानकारी दी गयी. इस केंद्र में अगरबत्ती स्टिक, चटाई के लिए स्लाइस एवं अन्य बांस से बनने वाली वस्तुओं के बारे में बताया गया.

नये भवन का उद्घाटन करते निदेशक डॉ नितिन कुलकर्णी व अन्य .

कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम : वन उत्पादकता संस्थान, रांची के तत्वावधान में बुधवार को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत वानिकी अनुसंधान एवं प्रसार केंद्र में औषधीय पौधों के जरिये आयवर्धन विषय पर कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. बतौर मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक डॉ नितिन कुलकर्णी उपस्थित थे. मुख्य वक्ता बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के आयुर्वेद प्रोफेसर डॉ प्रभात कुमार ने विभिन्न औषधीय पौधों, ब्राह्मी, सतावर, गुरमार, ग्वारपाठा आदि की उपयोगिता, रोपण विधि एवं इसके व्यापारिक लाभ के बारे में उपस्थित प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी. डॉ आदित्य कुमार ने बांस से निर्मित उत्पादों एवं उसकी व्यापारिक संभावनाओं पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में कर्मचारियों का सक्रिय योगदान रहा.

प्रभात खबर
Thu, 28 July 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/69447823